an>

Title: Need to commence seva yatras to save rivers in the country.

श्री गणेश सिंह : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का, देश का तथा इस सदन का, सबका ध्यान मध्य प्रदेश में चल रही 'नर्मदा सेवा यात्रा' के सफलतापूर्वक 100 दिन पूरा करने की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस यात्रा को 11 दिसम्बर को 'स्वच्छ नर्मदे, अविरल नर्मदे' को लेकर शुरू की थी, जिसे आम जनमानस ने जनांदोलन का रूप दे दिया।

अब तक इस यात्रा में धर्मगुरू दलाई लामा जी, पूज्य शंकराचार्य जी, श्री मोरारी बापू जी, स्वामी अवधेशानंद जी, श्री श्री रविशंकर जी, बाबा रामदेव जी, संत श्री सुधांशु महाराज जी, अनूप जलोटा जी, सद्गुरू जग्गी वासुदेव जी, सुश्री अनुराधा पौडवाल जी, साध्वी ऋतंभरा जी, अमिताभ बच्चन जी, लता मंगेशकर जी जैसे बड़ी संख्या में सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में काम करने वाले नामचीन लोगों ने वहां पर पहुंच कर इस यात्रा की प्रशंसा की।

माननीय सभापति : आपकी डिमांड क्या है?

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, 'नर्मदा सेवा यात्रा' इसलिए नहीं है कि वह सिर्फ मध्य प्रदेश के 16 जिलों में जाकर जन-जागरण अभियान करे, बल्कि देश की सारी नदियों के लिए इसी तरह की सेवा यात्रा शुरू हों। मेरे क्षेत्र में कुछ नदियां हैं, जैसे मंदाकिनी, तमस, समरावल इत्यादि। भारत सरकार इस पर एक बड़ा प्रोजेक्ट बनाए और पूरी तरह से इन के लिए एक यात्रा शुरू करे।

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।